Title: Need to develop "Kesaria" in East Champaran district in Bihar as a tourist resort.

श्री राधा मोहन सिंह (मोतिहारी) : सभापति जी, बिहार के गंगा के उत्तरी तट पर पूर्वी चम्पारण जिले में अवस्थित "केसरिया" नामक एक महान प्राचीन ऐतिहासिक भूखण्ड है। यह धरती पौराणिक काल में कमला, पदमा, रसा तथा पुण्डु भूमि के नाम से पूजनीय धरा थी। यह भूखण्ड प्राचीन भग्नावशेषों एवं ध्वंशावशेषों सम्राट अजातशत्रु तथा सम्राट अशोक द्वारा निर्मित ध्मेख, स्तूप, अशोक स्तम्भ, शिलालेख, गृहालेख, तरायी लेखों से भरा पड़ा है तथा अपने अंदर भारत की संस्कृति और सभ्यता एवं गौरवशाली ईतहासों को छुपाये हजारों वर्ों से किसी "दिदावर" की प्रतीक्षा में खड़ा है। पूर्वी चम्पारण की ऐसी धरती का नाम "केसरिया" है जो लिच्छ वी संघीय गणराज्यों के अन्तर्गत प्राचीन काल में अैंता था। सम्राट चन्द्रगुप्त, सम्राट अशोक तथा अनेक राजा-महाराजाओं की राजधानी बनने का सौभाग्य पूर्व काल में इस धरती को प्राप्त था। यहां की बज्जी (वैशाली) के चर्मोत्कर्ा के समय की ईतहास प्रसिद्ध सम्राज्ञी आम्रपाली की यह जन्मभूमि है। यह भगवान बुद्ध की प्यारी नगरी बनने तथा कुछ काल तक इस धरती पर उनके निवास एवं अपना अन्तिम उपदेश देने के लिए इस धरती को चुना था।

मेरा पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध है कि विश्व के इस सबसे ऊंचे स्तूप की सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ पर्यटन की दृटि से इस क्षेत्र को विकसित कराने की व्य वस्था की जाए।